09th November,2021

To,
Deptt. Of Corporate Services- Listing
BSE Limited.
1st Floor, Rotunda Building,
Dalal Street,
Mumbai – 400 001.

**Sub: Press Release**

Dear Sir/Madam,

Please find attached herewith Press Release in continuation of press release dated 30th September,2021 for implementation of NCMC Open Loop Automatic Fare Collection System for Haryana State Transport Department."

Kindly take this on your record.

Thanking you,

Yours faithfully,

**For Aurionpro Solutions Limited**

**Ninad Kelkar**
**Company Secretary**

AURIONPRO SOLUTIONS LTD.

Aurionpro Solutions Limited
Synergia IT Park, Plot No. R-270 T.T.C. Industrial Estate, Rabale, NaviMumbai400701. MAHARASHTRA - INDIA
Phone +91 22 4040 7070 investor@aurionpro.com
Fax +91 22 4040 7080 www.aurionpro.com
CIN: L99999MH1997PLC111637

aurionpro

**Aurionpro signs MOU for implementation of NCMC Open Loop Automatic Fare Collection System for Haryana State Transport Department.**

This is in continuation of our press release dated 30th September,2021 regarding order win from Haryana State Transport Department, for the implementation of NCMC Open Loop Ticketing System and GPS System on BOOT model. We are pleased to inform that, has concluded singing of the Memorandum of Understanding (MOU) with Haryana state Department on 08th November,2021.

The Highlights from the MOU signing ceremony held at Haryana State transport office and press release issued by Haryana State Transport Department are given below.



# हरियाणा रोडवेज की बसों में छह महीने बाद ई-टिकटिंग शुरू हो जाएगी

- राज्य परिवहन-औरियोनपरो साल्यूशंस-एयू स्माल फाइनेंस बैंक के बीच त्रिपक्षीय एमओयू हुआ
- मुफ्त और रियायती दर पर सफर करने वाले 10 लाख यात्रियों को मिलेंगे बैंक के कार्ड

*डॉ. सुरेंद्र धीमान*

चंडीगढ़, 8 नवंबर : अगले छह महीने के बीच हरियाणा रोडवेज की बसों में जीपीएस आधारित ई-टिकटिंग शुरू हो जाएगी। इसके लिए सोमवार को हरियाणा राज्य परिवहन-औरियोनपरो साल्यूशंस-एयू स्माल फाइनेंस बैंक के बीच त्रिपक्षीय एमओयू हो गया। राज्य परिवहन निदेशक डॉ. वीरेंद्र दहिया, औरियोनपरो साल्यूशंस के निदेशक तकनीकी हनुमंत पुजारी और एयू स्माल फाइनेंस बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विशाल ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए। निदेशक ने दैनिक सवेरा को बताया कि इस समय राज्य परिवहन टिकटों की प्रिंटिग करवाकर डिपुओं में भेजता है। हर साल लगभग 50 करोड़ टिकट छपते हैं और लगभग 30 करोड़ टिकट बिकते हैं। अब ई-टिकटिंग हो जाने से वोल्वो, मर्सिडीज बेंज समेत सभी सामान्य बसों में ई-टिकटिंग के जरिए यात्रियों को टिकट दी जाएगी। इससे सभी बसों से टिकट कटते ही पैसा राज्य परिवहन के खाते में पहुंच जाएगा।

***ई-टिकटिंग से बस स्टॉप पर चढ़ते-उतरने वाले यात्रियों का पता चल जाएगा***

निदेशक डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि ई-टिकटिंग प्रोजेक्ट पर लगभग 40 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसमें सभी 4500 बसों में जीपीएस आधारित ई-टिकटिंग मशीनें, हर डिपो पर महाप्रबंधक, यातायात प्रबंधक, राज्य मुख्यालय पर एक मॉनीटरिंग के लिए कमांड कंट्रोल सेंटर, राज्य मुख्यालय पर निदेशक समेत पांच अन्य अफसरों के दफ्तर में मॉनीटरिंग के लिए कंप्यूटर, साफ्टवेयर और राज्य मुख्यालय पर एक बड़ी स्क्रीन लगेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मुफ्त और रियायत यात्रा करने वाले लगभग 10 लाख यात्रियों के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कॉर्ड (एनसीएमसी) बनाए जाएंगे। ये कार्ड इन यात्रियों को राज्य परिवहन की तरफ से मुफ्त में दिए जाएंगे या कुछ राशि वसूली जाएगी, इसका फैसला बाद में होगा। मगर इन कार्डधारकों से यह पता चल जाएगा कि आखिर इनमें से हरियाणा रोडवेज की बसों में कितने सफर करते हैं और कितना सफर करते हैं। यह डाटा अभी अनुमानित है। उन्होंने बताया कि चूंकि ई-टिकटिंग मशीनें जीपीएस आधारित हैं इसलिए हर बस स्टॉप पर उतरने और चढ़ने वाले यात्रियों की जानकारी भी राज्य परिवहन के पास आ जाएगी। इससे रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाने या घटाने की योजना तैयार हो सकेगी।



हरियाणा राज्य परिवहन के चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय पर 8 नवंबर को ई-टिकिटंग के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद एक्सचेंज करते हुए राज्य परिवहन निदेशक डॉ. वीरेंद्र दहिया। साथ में औरियोनपरो साल्यूशंस के तकनीकी निदेशक हनुमंत पुजारी, एयू स्माल फाइनेंस बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विशाल, राज्य परिवहन के संयुक्त निदेशक दीपक कुमार भी हैं।

## फिलहाल नकदी या एनसीएमसी कार्ड से अदायगी हो सकेगी

**राज्य** परिवहन निदेशक डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि फिलहाल बस परिचालकों के पास जो ई-टिकटिंग मशीनें होंगी, उस पर टिकट के बदले या तो नकदी दी जाएगी या एनसीएमसी कार्ड के जरिए अदायगी हो सकेगी। ये कार्ड कोई भी यात्री एयू स्माल फाइनेंस बैंक से बनवा सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद जब एयू स्माल फाइनेंस बैंक को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से अनुमति मिल जाएगी तो किसी भी बैंक के डेबिट-क्रेडिट कार्ड के अतिरिक्त पेटीएम, गुगल पे जैसे यूपीआई आधारित एप (एप्लिकेशंस) से भी अदायगी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि हर टिकट पर औरियोनपरो साल्यूशंस को 23 पैसे अदा किए जाएंगे। इस पर 18 फीसदी जीएसटी यानी 4 पैसे अलग से अदा होंगे। उन्होंने बताया कि पांच साल तक यही रेट रहेंगे। इस पूरे सिस्टम को चलाने के लिए और परिचालकों को प्रशिक्षण देने के लिए कंपनी की तरफ से पांच साल तक मैनपावर उपलब्ध कराई जाएगी। निदेशक ने बताया कि पांच साल के बाद हार्डवेयर और साफ्टवेयर राज्य परिवहन का हो जाएगा। तब तक राज्य परिवहन के स्टाफ को इस पूरे सिस्टम को चलाने के लिए प्रशिक्षित कर दिया जाएगा।

## कैमरे लगेंगे, यात्रियों का पता चल जाएगा, अपराधियों की भी पहचान हो सकेगी

**राज्य परिवहन** निदेशक डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हर बस पर दो कैमरे लगाए जाएंगे। इसका टेंडर अलग से किया जा रहा है। ये कैमरे भी इन्हीं ई-टिकटिंग के जीपीएस के साथ जुड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन कैमरों से जहां यात्रियों की संख्या और बस में कटे टिकटों की संख्या का पता चल सकेगा, वहीं पुलिस रिकॉर्ड में जो अपराधी हैं, उनके चेहरे भी पहचाने जा सकेंगे। इसके लिए पुलिस की मदद ली जाएगी ताकि वह कैमरों में ऐसे अपराधियों की फोटो साफ्टवेयर के जरिए एकीकृत कर सकें। उन्होंने बताया कि ई-टिकटिंग का यह भी फायदा होगा कि अगर कहीं राजस्व चोरी की संभावना है, वह भी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि हर साल 30-32 करोड़ टिकटों से राज्य परिवहन को लगभग 1300 करोड़ रुपये का राजस्व मिलता है। उन्होंने बताया कि परिचालकों के पास आपातकाल के लिए कागज वाली टिकटें भी उपलब्ध होंगी। इनका प्रयोग तभी हो सकेगा अगर ई-टिकटिंग मशीन खराब हो गई होगी। इसका एक अन्य बड़ा फायदा यह होगा कि हर बस की जीपीएस लोकेशन कहीं पर भी मॉनीटर हो सकेगी। यह भी पता चल जाएगा कि किस बस में किस समय कितने यात्री सफर कर रहे हैं और बस कहां है?

**About Aurionpro:**

Aurionpro Solutions (NSE: AURIONPRO) (BSE: 532668) is a global technology solutions leader that helps enterprises accelerate their digital innovation, securely and efficiently. It combines core domain expertise, thought leadership in innovation, security and leverages industry leading IP to deliver tangible business results for global corporations. Employing more than 1,200 domain and technology experts across North America, Asia and Europe, Aurionpro caters to a host of clients across BFSI, Telecom and Logistics industry. For more information, visit www.aurionpro.com.

For more information, please contact:

Mr.Ninad Kelkar | investor@aurionpro.com